# सर्कुलर इकोनॉमी इन वेस्ट मैनजमेंट के पैनल डिस्कशन में नगर आयुक्त ने किया प्रतिभाग



शाहजहाँपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत चल रहें कार्यक्रमों की श्रृंखला में लखनऊ में आयोजित ''सर्कुलर इकोनॉमी इन वेस्ट मैनजमेंट'' के पैनल डिस्कशन कार्यक्रम में नगर आयुक्त, संतोष कुमार शर्मा, नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। पैनल में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कचरा प्रबंधन के द्वारा सर्कुलर इकोनॉमी के मॉडल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। नगर आयुक्त ने बताया गया कि जबतक कूड़े को कूड़े के नजरिये से देखा जायेगा, तब तक उसकी कोई कीमत नही है किन्तु जब उसे पुनर्चक्रण सामग्री के तौर पर देखा जाता है तो उसकी कीमत बढ़ जाती है। नगर आयुक्त ने नगर निगम में चल रहें समुदाय आधारित विकेन्द्रीकृत कूड़ा प्रबंधन के बारे में बताया गया कि इस प्रोजेक्ट के तहत मोहल्ला समितियों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य कराया जा रहा है। इससे जहाँ निगम के वित्तीय बोझ में कमी आई है, वहीं अपशिष्ट के उपचार के उपरान्त पुनर्चक्रण से आय की प्राप्ति भी हो रही है। नगर में बने एम०आर०एफ० सेन्टर के बारे में बताते हुये कहा कि इससे जहाँ इन्फार्मल वर्कर्स के लिये रोजगार का सृजन हुआ है, वहीं निकाय की आय में वृद्धि होने के साथ देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में भी सहयोग मिलता है। पैनल डिस्कशन में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के अतिरिक्त नगर आयुक्त सूरत, प्रमुख सचिव (एच० एण्ड यूडीडी) उड़ीसा, मेम्बर्स सेक्रेट्री केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड, निदेशक (एचएसएम, एमओईएफ एण्ड सीसी) सी०ई०ओ० एनईजीआरए, प्रमुख निदेशक (सीआईपीईटी), ग्लोबल हेड (वीए टेक डब्लूएबीए लि०) ने भी सर्कुलर इकोनॉमी के बारे में अपनी राय रखी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब पर हुआ, जिसे देशभर के लाखों लोगों के द्वारा देखा व सराहा गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सैफ सिद्दीकी व साक्षी सिरारी उपस्थित रहे।